# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद में आज हुए विमान हादसे को लेकर गहरा दुख जताया है। एक समाचार समूह के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

***मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इस प्रकार की किसी भी प्रकार के हादसे में हम जनहानि को बचा सकेंगे। इस दुखद घटना के लिए मेरे सभी जितने भी पीड़ित परिवार हैं उन सभी के प्रति हमारी संवेदना है।***

एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरते समय मेघानी नगर इलाके में आज दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में एक सौ उन्हत्तर भारतीय नागरिकों, तिरपन ब्रिटिश नागरिकों, एक कनाडा के नागरिक और सात पुर्तगाली नागरिकों सहित कुल दो सौ बयालिस लोग और चालक दल के सदस्य सवार थे। एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों की मदद से दुर्घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य हुआ।

अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि दुर्घटना से संबंधित जानकारी के लिए पैसेंजर हॉटलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य पांच छह नौ एक चार चार चार पर सम्पर्क किया जा सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार दुर्घटना संबंधित जानकारियों के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर है– शून्य एक एक दो चार छह एक शून्य आठ चार तीन और नौ छह पांच शून्य तीन नौ एक आठ पांच नौ ।

**********

तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से बुक करने की सुविधा देने के लिए भारतीय रेल ने नए नियमों की घोषणा की है। पहली जुलाई से केवल वे लोग ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम –आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। पंद्रह जुलाई से यह नियम आरक्षण काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे।

**********

झांसी जिले के मोंठ थाना क्षेत्र में झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खिल्ली गांव के पास आज सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में सिद्धार्थनगर जिले के तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोग कार से महाराष्ट्र जा रहे थे और उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में घायल पांच लोगों का इलाज चल रहा है।

**********

केंद्र सरकार ने प्रदेश सरकार की मांग पर मूंगफली और मूंग को न्यूतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर खरीदने के लिए स्वीकृति दे दी है। एक रिपोर्ट–

***केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के बीच कल हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने मूंगफली और मूंग को एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर मूंगफली और मूंग के खरीद लक्ष्य में भी वृद्धि की जा सकती है। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

**********

केंद्र और राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक पाने वाले और अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। खेलों में प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार दिया गया। लखनऊ में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न संस्थानों के नये भवनों का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की माध्यमिक और स्कूली शिक्षा की तस्वीर बदलने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि हमे राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के तहत परम्परागत शिक्षा के साथ कौशल विकास सीखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों और खासतौर से माध्यमिक शिक्षा से जुड़े नौजवानों ने प्रधानमंत्री के 'खेलो इंडिया खेलो' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' से प्रेरित होकर विद्यालयी खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी उच्च अंक पाने वाले मेधावियों और कास्य एवं रजत पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

**********

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इक्कीस जून को सुबह साढे छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट तक देशभर में एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इसमें सामान्य योगाभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष का विषय है–एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य। नई दिल्ली में आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित आसपास के कुछ अन्य जिलों में आज कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी से लेकर मध्यम वर्षा होने से भीषण गर्मी से थोड़ी देर के लिए राहत मिली। हांलाकि बारिश और बूंदाबांदी के थोड़ी देर बाद निकली तेज धूप और उमस से लोग फिर से प्रभावित नजर आए। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

**********